LOK SABHA

Monday, August 20, 1962/*Sravana* 29, 1884 (*Saka*)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

MEMBER SWORN

The Minister of Parliamentary Affairs (Shri Satya Narayan Sinha): Mr. Speaker, Sir, I have great pleasure in introducing to you, and through you to the House, Shri S. Kandappan who has been elected from Tiruchengode (Madras).

Shri S. Kandappan (Tiruchengode).

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

दिल्ली के लिये बृहद् योजना

\+
*४३७. श्री स० चं० सामन्त :
श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री ब० कु० दास :
श्री सुबोध हंसदा :

क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) दिल्ली की बृहद् योजना, जिसे भारत सरकार ने हाल ही में अपनी स्वीकृति दी है, के अनुमानित व्यय के आंकड़े दिल्ली विकास प्राधिकार द्वारा प्रस्तुत किये जाने में क्या प्रगति हुई है और अनुमानित व्यय की राशि क्या है ;

(ख) जिन समीपवर्ती राज्यों के क्षेत्र इस बृहद् योजना के अन्तर्गत आते हैं क्या उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है ;

(ग) यदि नहीं, तो सरकार का विचार इस मामले में क्या कार्यवाही करने का है ;

(घ) उच्चस्तरीय समन्वय बोर्ड की अब तक कितनी बैठकें हुई हैं तथा उनमें क्या निर्णय किये गये हैं ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसकी अगली बैठक कब होगी और उसके विचारणीय विषय क्या हैं ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) दिल्ली की बृहद् योजना की स्वीकृति सरकार ने १९ जुलाई, १९६२ को दे दी थी, और जिस दिन दिल्ली विकास प्राधिकार इस योजना की स्वीकृति की सूचना प्रकाशित कर देगा, उसी दिन से इसके अनुसार काम प्रारम्भ हो जायेगा। १९६१-८१ की अवधी के लिये, जिसके लिये यह योजना तैयार की गई है, विभिन्न विकास मदों के अधीन अनुमानित पूंजीगत लागत, लगभग ७३२ करोड़ रुपये है।

(ख) और (ग). दिल्ली की बृहद् योजना के बारे में उत्तर प्रदेश तथा पंजाब सरकार की स्वीकृति का प्रश्न ही नहीं उठता क्योंकि योजना का वैधिक प्रवर्ती भाग केवल संघ-क्षेत्र दिल्ली से ही सम्बन्धित है और यह दिल्ली विकास अधिनियम के अन्तर्गत तैयार किया गया है जो दिल्ली से बाहर के क्षेत्रों पर लागू नहीं होता।

(घ) और (ङ). यह बोर्ड काम नहीं कर रहा है क्योंकि अब इसकी अपेक्षा एक वैधानिक प्राधिकार (स्टेचुटरी अथारिटी) बनाने के प्रस्ताव का अनुसरण किया जा रहा है।

I shall also read the answers in English.